**संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन**
**कर्मचारी चयन बोर्ड**
**दमण-396 220.**

सं. 70/एसएसबी/डीडीडी/विज्ञा.-वन विभाग/2024-25/117 दिनांक :-30/07/2024.

## <u>विज्ञापन सं. : 03</u>

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्र.सं. | पदों का नाम | रिक्तियों की सं. | श्रेणी | शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता | आयु सीमा |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | वन रक्षक<br>वेतन मैट्रिक्स (रू. 21700-69100) में लेवल-3<br>(पीबी-1 + जीपी रू. 2000/- पूर्व संशोधित)<br>ग्रुप "सी", अराजपत्रित, अलिपिवर्गीय | **जिला - दमण एवं दीव** | | अनुलग्नक - II के अनुसार | 18 से 27 वर्ष के बीच<br>(भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों/ अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 5 वर्ष तक की छूट)<br>(भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार विभागीय तथा अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट) |
| | | **09**<br>**02***<br>**कुल - 11** | अनुलग्नक - I के अनुसार | | |
| | | **जिला - दादरा एवं नगर हवेली** | | | |
| | | **33**<br>**09***<br>**कुल - 42** | अनुलग्नक - I के अनुसार | | |
| 2 | वनपाल<br>वेतन मैट्रिक्स (रू. 29200-92300) में लेवल-5<br>(पीबी-1 + जीपी रू. 2800/- पूर्व संशोधित)<br>ग्रुप "सी", अराजपत्रित, अलिपिकवर्गीय | **जिला - दादरा एवं नगर हवेली** | | | |
| | | **09**<br>**कुल - 09** | अनुलग्नक - I के अनुसार | | |

***प्रत्याशित रिक्तियां**

## <u>अनुलग्नक-I</u>

(अ) पद का नाम : **वन रक्षक**

(क) जिला : **दमण एवं दीव**

(i) मौजूदा (दमण एवं दीव)

| श्रेणी | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ई.डब्ल्यू.एस. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | 03 | 02 | 01 | 02 | 01 | 09 |

(ii) प्रत्याशित (दमण एवं दीव)

| श्रेणी | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ई.डब्ल्यू.एस. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |

(ख) जिला : **दादरा एवं नगर हवेली**

(i) मौजूदा (दादरा एवं नगर हवेली)

| श्रेणी | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ई.डब्ल्यू.एस. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | 07 | 04 | 01 | 13 | 08 | 33 |

(ii) प्रत्याशित (दादरा एवं नगर हवेली)

| श्रेणी | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ई.डब्ल्यू.एस. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | 05 | 00 | 00 | 04 | 00 | 09 |

(ब) पद का नाम : **वनपाल**

जिला : दादरा एवं नगर हवेली

मौजूदा (दादरा एवं नगर हवेली)

| श्रेणी | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ई.डब्ल्यू.एस. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | 04 | 00 | 00 | 04 | 01 | 09 |

**नोट :** उपर्युक्त पद बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों/दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसलिए, PwBD के लिए आरक्षण उपलब्ध नहीं है।

## <u>अनुलग्नक-II</u>

**(अ) पद का नाम : वन रक्षक**

**शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं :**

**<u>आवश्यक :</u>**

1. एच.एस.सी. (कक्षा-12वीं) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए ।
2. शारीरिक मानदंड (न्यूनतम ):-

   मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा और फिटनेस प्रमाणपत्र।

   **<u>ऊंचाई और छाती</u>**

   (क) पुरूषों के लिए

| श्रेणी | ऊंचाई | छाती | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य (न्यूनतम) | विस्तारित | |
| अ.ज.जा. उम्मीदवारों के अतिरिक्त | 163 सेमी. | 79 सेमी. | 84 सेमी. | 05 सेमी. |
| अ.ज.जा. के उम्मीदवार | 158 सेमी. | 76 सेमी. | 81 सेमी. | 05 सेमी. |

   (ख) महिलाओं के लिए

| श्रेणी | ऊंचाई | छाती | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य (न्यूनतम) | विस्तारित | |
| अ.ज.जा. उम्मीदवारों के अतिरिक्त | 150 सेमी. | 74 सेमी. | 79 सेमी. | 05 सेमी. |
| अ.ज.जा. के उम्मीदवार | 142 सेमी. | 71 सेमी. | 76 सेमी. | 05 सेमी. |

3. **वॉकिंग टेस्ट :**

   पुरुष : 4 घंटे में 25 किलोमीटर

   महिला : 4 घंटे में 14 किलोमीटर

4. चयनित नियुक्त उम्मीदवार को 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के भीतर वानिकी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करना होगा, अन्यथा वे वेतन वृद्धि पाने के पात्र नहीं होंगे।

**स्थान, जहां अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा करनी होगी :** संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन के किसी भी हिस्से में।

अनुलग्नक-II

(ब) पद का नाम : वनपाल

**शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं :**

**आवश्यक :**

1. किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से अंग्रेजी विषय सहित कम से कम 50% अंकों के साथ एच.एस.सी. (कक्षा-12वीं) परीक्षा उतीर्ण होना चाहिए।
2. **शारीरिक मानदंड (न्यूनतम ):-**
   मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा और फिटनेस प्रमाणपत्र।

**ऊंचाई और छाती**

(क) पुरूषों के लिए

| श्रेणी | ऊंचाई | छाती | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य (न्यूनतम) | विस्तारित | |
| अ.ज.जा. उम्मीदवारों के अतिरिक्त | 163 सेमी. | 79 सेमी. | 84 सेमी. | 05 सेमी. |
| अ.ज.जा. के उम्मीदवार | 158 सेमी. | 76 सेमी. | 81 सेमी. | 05 सेमी. |

(ख) महिलाओं के लिए

| श्रेणी | ऊंचाई | छाती | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य (न्यूनतम) | विस्तारित | |
| अ.ज.जा. उम्मीदवारों के अतिरिक्त | 150 सेमी. | 74 सेमी. | 79 सेमी. | 05 सेमी. |
| अ.ज.जा. के उम्मीदवार | 142 सेमी. | 71 सेमी. | 76 सेमी. | 05 सेमी. |

3. **वॉकिंग टेस्ट :**
   पुरुष : 4 घंटे में 25 किलोमीटर
   महिला : 4 घंटे में 14 किलोमीटर

4. चयनित नियुक्त अभ्यर्थी को 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के भीतर वानिकी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करना होगा, अन्यथा वे वेतन वृद्धि पाने के पात्र नहीं होंगे।

**स्थान, जहां अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा करनी होगी :** संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन के किसी भी हिस्से में।

**आवेदन कैसे करें :-**

1. आवेदन पत्र भरने के लिए आधिकारिक वेबसाइट daman.nic.in/ojas पर नीचे दी गई तिथि के अनुसार लिंक सक्रिय कर दिया जाएगा :

   i) **वन रक्षक** पद के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का लिंक 05/08/2024 से आवेदन की अंतिम तिथि यानी 03/09/2024 (शाम 5:00 बजे तक) तक सक्रिय रहेगा।

   ii) **वनपाल** पद के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का लिंक 05/08/2024 से आवेदन की अंतिम तिथि यानी 03/09/2024 (शाम 5:00 बजे तक) तक सक्रिय रहेगा।

नोट :- उपर्युक्त विज्ञापित रिक्तियों के लिए विस्तृत निर्देश आधिकारिक वेबसाइट **daman.nic.in/ojas** पर उपलब्ध रहेंगे।

**संयुक्त सचिव (एसएसबी)**
**दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव**

## उम्मीदवारों के लिए विस्तृत निर्देश

1) कंप्यूटर आधारित परीक्षा (अंग्रेजी विषय के भाग को छोड़कर, जो केवल अंग्रेजी भाषा में होगी) अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और गुजराती माध्यम में आयोजित की जाएगी ।

2) केवल निर्धारित समय सीमा के भीतर वेबसाइट daman.nic.in/ojas के माध्यम से सफलतापूर्वक भरे गए ऑनलाइन आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। उक्त आधिकारिक पोर्टल/वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन के अलावा आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपना सक्रिय ई-मेल पता और मोबाइल नंबर भरें क्योंकि एसएसबी या संबंधित विभाग द्वारा नियुक्ति की पेशकश आदि सहित सभी पत्राचार ईमेल और/या एसएमएस के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवार द्वारा दिया गया कोई भी बहाना कि उसने ईमेल नहीं देखा और इसलिए समय सीमा को पूरा नहीं कर सका, स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3) केवल शारीरिक परीक्षा/क्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार ही कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

4) अनंतिम मेरिट सूची केवल कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर बनाई जाएगी। कोई अन्य अंक नहीं दिए जाएंगे।

5) उम्मीदवार को आवंटित परीक्षा केंद्र अंतिम होगा और जारी किया गया प्रवेश पत्र केवल उसमें आवंटित/उल्लेखित केंद्र के लिए ही मान्य होगा और चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में परीक्षा केंद्र/ तिथि में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केंद्र का आवंटन/परिवर्तन बोर्ड के विवेक पर होगा।

6) कंप्यूटर आधारित परीक्षा के 100 अंकों में से मेरिट सूची तैयार की जाएगी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे, जिसमें प्रत्येक के लिए 01 अंक होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उत्तीर्णता कट-ऑफ 33% होगी।

7) आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आयु और शैक्षिक योग्यता सहित पात्रता शर्तों को पूरा करने की निर्णायक तिथि होगी।

8) उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले प्रमाण पत्र/अंक पत्र अर्ह कर लेने चाहिए।

9) अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द कर दी जाएगी तथा भविष्य में होने वाली सभी परीक्षाओं से उन्हें वंचित करने तथा आपराधिक कार्यवाही सहित अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

10) उम्मीदवार का परीक्षा केंद्र में प्रवेश :

प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अन्यथा के संबंध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

11) **दंड :**

कोई भी उम्मीदवार जिसे बोर्ड द्वारा निम्नलिखित का दोषी घोषित किया गया है या किया जाता है :

a) किसी भी माध्यम से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना; या
b) प्रतिरूपण करना; या
c) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाना; या
d) जाली दस्तावेज या दस्तावेज, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई है प्रस्तुत करना; या
e) गलत या झूठे बयान देना या महत्वपूर्ण जानकारी को छूपाना; या
f) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अवैध या गलत साधन का सहारा लेना; या
g) परीक्षा के दौरान अनुचित साधन अपनाना; या
h) उत्तर-पुस्तिका में अश्लील भाषा या अश्लील बातें लिखना; या
i) परीक्षा हॉल में किसी भी तरह से साथी परीक्षार्थियों या निरीक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करना; या
j) परीक्षा के संचालन के लिए बोर्ड द्वारा नियोजित/नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करना या शारीरिक नुकसान पहुंचाना;

ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ उपलब्ध दंडात्मक और अनुशासनात्मक प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उम्मीदवार को परीक्षा देने से भी वंचित कर दिया जाएगा।

12) यदि उम्मीदवार पैरा 11 (उप-पैरा (a) से (j)) के अंतर्गत उल्लिखित किसी भी साधन का दोषी पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

13) सभी ग्रुप "सी" पदों (एमटीएस सहित) के लिए अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का लाभ केवल उन उम्मीदवारों को उपलब्ध होगा जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के संबंध में पुनर्गठन अधिनियम, 1987 में अधिसूचित अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हैं।

14) क) कार्यालय ज्ञापन संख्या 1-12(बी-54)/2013-एडीएम/619, दिनांक 5 सितम्बर, 2017 के अनुसार दादरा एवं नगर हवेली जिला के पदों के लिए आरक्षण का लाभ केवल दादरा एवं नगर हवेली जिला के लिए अधिसूचित जाति/जनजाति/समुदाय से संबंधित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को उपलब्ध होगा।

ख) कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/1/187-सीएस/पीएफ/1804, दिनांक 29 अगस्त, 2017 के अनुसार, दमण एवं दीव जिल के पदों के लिए आरक्षण का लाभ केवल दमण एवं दीव जिला के लिए अधिसूचित जाति/जनजाति/समुदाय से संबंधित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को उपलब्ध होगा।

15) तदनुसार, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को संघ प्रदेश प्रशासन के अपने संबंधित जिले के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति/जनजाति प्रमाण पत्र/नवीनतम गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र (अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार के मामले में) प्रस्तुत करना होगा।

16) प्रत्येक पद का पाठ्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

17) आवेदन शुल्क 200/- रुपये (दो सौ रुपये मात्र) होगा। आवेदन शुल्क अप्रतिदेय होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान से छूट दी गई है तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए आवेदन शुल्क 100/- रुपये (निर्धारित शुल्क का आधा) होगा। प्रत्येक आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क (अप्रतिदेय) लिया जाएगा, जो केवल कर्मचारी चयन बोर्ड, दादरा नगर हवेली तथा दमण एवं दीव के खाते में ही जमा किया जाएगा । ऐसे आवेदक की उम्मीदवारी, जो आवेदन शुल्क भुगतान से पूर्णतः/आंशिक रूप से छूट की श्रेणी में होने का दावा करता है, चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में गलत पाए जाने पर बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाएगी। शुल्क छूट का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास आवेदन पत्र भरते समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाण-पत्र, जो भी लागू हो, होना चाहिए तथा बोर्ड द्वारा मांगे जाने पर उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए।

18) पदों से जुड़े कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, ये पद शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त नहीं हैं, और इसलिए PH/PwBD उम्मीदवारों के लिए आरक्षण उपलब्ध नहीं है।

19) **उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित करना :**
परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए सभी पात्रता शर्तो को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूरी तरह से अनंतिम होगा, बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी करने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि बोर्ड ने उनकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से मंज़ूरी दे दी है। उम्मीदवार का प्रवेश पत्र केवल उसके लिए निर्धारित/आबंटित केंद्र के लिए ही मान्य होगा।

20) हेल्पलाइन नंबर : 0260- 2230098
समय : सुबह 10.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)
(दोपहर 01:30 से 2:00 बजे तक लंच ब्रेक)

21) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का लिंक आधिकारिक वेबसाइट www.daman.nic.in/ojas पर विज्ञापन में उल्लिखित तिथि से उपरोक्त विज्ञापित रिक्तियों के लिए अंतिम तिथि तक सक्रिय रहेगा।

22) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय यदि कोई तकनीकी या अन्य त्रुटि होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित आवेदक/उम्मीदवार की होगी।

23) आवेदन पत्र भरते समय यदि उम्मीदवार द्वारा कोई गलत जानकारी दी जाती है, तो ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

24) प्रत्येक पद के लिए, उम्मीदवार को केवल एक आवेदन करना चाहिए तथा एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन करने पर उम्मीदवारी स्वयं रद्द हो सकती है।

25) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों तथा नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् daman.nic.in/ojas देखते रहें।

26) संपूर्ण विज्ञापन को रद्द करने सहित भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रिक्तियों की संख्या को वापस लेने/बदलने का अधिकार कर्मचारी चयन बोर्ड के पास सुरक्षित है।

27) भर्ती से संबंधित सभी पत्राचार केवल उम्मीदवार के पंजीकृत ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवार इसका ध्यान रखें।

28) उम्मीदवारों को उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्र पर ही उपस्थित होना होगा तथा उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

29) परीक्षा में या परीक्षा के किसी कार्यवाही में भाग लेने के लिए किसी भी उम्मीदवार को कोई वाहन भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

30) आवेदन पत्र भरकर, आवेदक को इस विज्ञापन की शर्तों से सहमत होना होगा। फॉर्म भरने के बाद विज्ञापन पर कोई भी चुनौती/आपत्ति अमान्य मानी जाएगी।

sd/-

**संयुक्त सचिव (एसएसबी)**
**दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव**